Roll No.
रोल नं.

Series SHC

Code No. 67/2/1
कोड नं.

- Please check that this question paper contains 16 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 21 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 16 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 21 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

ACCOUNTANCY
लेखाशास्त्र

Time allowed : 3 hours *Maximum Marks : 80*
निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

General Instructions :

(i) This question paper contains three parts A, B and C.

*(ii) Part A is **compulsory** for all candidates.*

*(iii) Candidates can attempt only **one** part of the remaining parts B and C.*

(iv) All parts of the questions should be attempted at one place.

सामान्य निर्देश :

(i) यह प्रश्न-पत्र तीन भागों में विभक्त है - क, ख और ग।

*(ii) भाग क सभी छात्रों के लिए **अनिवार्य** है।*

*(iii) शेष भाग ख और ग में से कोई **एक** भाग हल करना है।*

(iv) किसी प्रश्न के सभी भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

PART A
(Accountancy)
भाग क
(लेखाशास्त्र)

1. List any four essential features of partnership. 2

साझेदारी की किन्हीं चार अनिवार्य विशेषताओं की सूची बनाइए।

2. Give the meaning of 'Reserve Capital'. 2

'संचित पूँजी' का अर्थ बताइए।

3. What is meant by 'Preferential Allotment of Shares'? 2

'प्राथमिकता के आधार पर अंशों के आबंटन' का क्या अर्थ है?

4. Define a 'Debenture'. 2

'ऋणपत्र' की परिभाषा दीजिए।

5. A, B and C were partners in a firm sharing profits in 2 : 3 : 5 ratio. A was guaranteed a minimum profit of Rs. 1,00,000. Any deficiency on this account was to be borne by C. The net profit of the firm for the year ended 31.3.2006 was Rs. 4,50,000. Prepare Profit and Loss Appropriation Account of A, B and C for the year ended 31.3.2006. 3

अ, ब तथा स एक फर्म के साझेदार थे तथा 2 : 3 : 5 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। अ को न्यूनतम 1,00,000 रु. के लाभ की गारंटी दी गई थी। इस विषय में किसी भी कमी को स ने वहन करना था। 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए फर्म का शुद्ध लाभ 4,50,000 रु. था। 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए अ, ब तथा स का लाभ-हानि विनियोजन खाता तैयार कीजिए।

6. A Ltd. issued 10,000 7% debentures of Rs. 100 each. Pass the necessary journal entries for issue of debentures in the following cases : 3

(a) When debentures are issued at par and are redeemable at 5% premium.

(b) When debentures are issued at 5% premium and are redeemable at par.

(c) When debentures are issued at 5% premium and are redeemable at 5% premium.

अ लि. ने 100 रु. वाले 10,000 7% ऋणपत्रों का निर्गमन किया। ऋणपत्रों के निर्गमन के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए :

(अ) जब ऋणपत्रों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया हो तथा उन्हें 5% के अधिमूल्य पर शोधन करना हो।

(ब) जब ऋणपत्रों को 5% अधिमूल्य पर निर्गमित किया गया हो तथा उन्हें सममूल्य पर शोधन करना हो।

(स) जब ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के अधिमूल्य पर किया गया हो तथा इनका शोधन 5 के अधिमूल्य पर करना हो।

7. X, Y and Z are partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 3 : 3. They admitted P as a new partner. X, Y and Z each surrendered l/3rd of his share in favour of P. Calculate the new profit sharing ratio of X, Y, Z and P. 4

एक्स, वाई तथा ज़ैड एक फर्म के साझेदार हैं तथा 4 : 3 : 3 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं। उन्होंने पी को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश कराया। एक्स, वाई तथा ज़ैड प्रत्येक ने अपने लाभ का 1/3 अंश पी के पक्ष में समर्पित कर दिया। एक्स, वाई, ज़ैड तथा पी का नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात कीजिए।

8. P, Q and R were partners in a firm sharing profits in 7 : 8 : 5 ratio. Their firm was dissolved on 28.2.2007. After transfer of assets (other than cash) and outsider's liabilities to 'Realisation Account', the following transactions took place :

(i) Debtors with Rs. 9,000 paid Rs. 8,900 in full settlement of their claim.

(ii) Creditors Rs. 6,000 were paid Rs. 5,500 in full settlement of their claim.

(iii) Expenses of realisation Rs. 900 were paid by P.

(iv) Loss on realisation was Rs. 15,000.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of P, Q and R. 4

पी, क्यू तथा आर एक फर्म के साझेदार थे तथा 7 : 8 : 5 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। 28.2.2007 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। सम्पत्तियों (रोकड़ के अतिरिक्त) तथा बाह्य देयताओं को 'वसूली खाते' में स्थानान्तरित करने के पश्चात् निम्नलिखित लेन-देन हुए :

(i) देनदारों को, जो 9,000 रु. के थे, अपने दावे के पूर्ण निपटान के लिए 8,900 रु. का भुगतान किया।

(ii) लेनदारों को उनके 6,000 रु. के दावे के पूर्ण निपटान पर 5,500 रु. का भुगतान किया गया।

(iii) पी ने 900 रु. के वसूली खर्चों का भुगतान किया।

(iv) वसूली पर हानि 15,000 रु. थी।

पी, क्यू तथा आर की पुस्तकों में उपर्युक्त लेन-देनों के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

9. Dhyey Ltd. redeemed Rs. 30,00,000, 8% debentures issued at a premium of 5% as follows. Rs. 12,00,000, 8% debentures were converted into equity shares of Rs. 100 each issued at a premium of Rs. 25 per share and the balance by converting them into 8% preference shares of Rs. 100 each issued at a discount of Rs. 10 per share.

Pass necessary journal entries in the books of the company. Show your workings clearly. 4

ध्येय लि. ने 30,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का शोधन, जिन्हें 5% अधिमूल्य पर निर्गमित किया गया था, निम्नानुसार किया। 12,00,000 रु. के 8% ऋणपत्रों का शोधन, 100 रु. वाले समता अंशों में परिवर्तित करके किया, जिन्हें 25 रु. प्रति अंश अधिमूल्य पर निर्गमित किया गया तथा शेष ऋणपत्रों का शोधन 100 रु. वाले 8% पूर्वाधिकार अंशों में परिवर्तित करके किया, जिन्हें 10 रु. प्रति अंश छूट पर निर्गमित किया गया।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए। अपनी कार्यकारी टिप्पणी को स्पष्ट दिखाइए।

10. On 1.3.2007 Jay Ltd. had a balance of Rs. 25,20,000 in its Profit and Loss Account. Instead of declaring a dividend the company decided to utilise the profits for the redemption of its outstanding Rs. 24,00,000 7% debentures at a premium of 5%.

Pass necessary journal entries for the redemption of debentures. 4

1.3.2007 को जय लि. के लाभ-हानि खाते में 25,20,000 रु. का शेष था। लाभांश देने के बजाय कम्पनी ने इस लाभ का उपयोग अपने 24,00,000 रु. के 7% ऋणपत्रों के शोधन करने के लिए किया। ऋणपत्रों का शोधन 5% अधिमूल्य पर किया गया।

ऋणपत्रों के शोधन के लिए रोजनामचे में प्रविष्टियाँ कीजिए।

11. Raja Ltd. purchased building from Ashoka Ltd. for Rs. 36,00,000. The vendors were paid by issue of equity shares of Rs. 10 each. Pass necessary entries in the books of Raja Ltd. when

(i) shares were issued at par,

(ii) shares were issued at 20% premium and

(iii) shares were issued at 10% discount. 4

राजा लि. ने अशोका लि. से 36,00,000 रु. का भवन खरीदा। विक्रेता को भुगतान 10 रु. वाले समता अंशों के निर्गमन के द्वारा किया गया। राजा लि. की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए जबकि

(i) अंशों का निर्गमन सममूल्य पर किया गया,

(ii) अंशों का निर्गमन 20% अधिमूल्य पर किया तथा

(iii) अंशों का निर्गमन 10% बट्टे पर किया गया।

12. G and H were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 3 : 1. On 28.2.2007 their firm was dissolved. The Balance Sheet of the firm on that date of dissolution was as follows :

Balance Sheet of G and H as on 28.2.2007

Liabilities		Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Bank Loan		70,000	Cash	10,000
Creditors		1,30,000	Building	5,00,000
Capitals :			Stock	40,000
G	3,00,000		Profit & Loss A/c	50,000
H	1,00,000	4,00,000		
		6,00,000		6,00,000

Building realised Rs. 3,00,000; Stock Rs. 15,000. Rs. 1,05,000 were paid to the creditors in full settlement of their account. The firm had a joint life policy of Rs. 10,00,000 which was surrendered for Rs. 70,000 on the date of dissolution. The annual premium paid on the joint life policy was debited to the Profit and Loss Account.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners' Capital Accounts. 6

OR

A and B were partners in a firm sharing profits and losses equally. On 28.2.2007 they decided to dissolve the partnership. On the date of dissolution A's capital was Rs. 60,000 and B's capital was Rs. 45,000. There was a cash balance of Rs. 4,000. Creditors on that date were Rs. 20,000 and there was a balance of Rs. 39,000 in the general reserve account.

Sundry assets realised Rs. 1,02,000. Expenses on dissolution were Rs. 5,000.

Prepare Realisation Account, Cash Account and Partners' Capital Accounts. 6

जी तथा एच एक फर्म के साझेदार थे तथा 3 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 28.2.2007 को उनकी फर्म का विघटन हो गया। विघटन की तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

28.2.2007 को जी तथा एच का स्थिति विवरण

देयताएँ		राशि रु.	सम्पत्तियाँ	राशि रु.
बैंक ऋण		70,000	नगद	10,000
लेनदार		1,30,000	भवन	50,00,000
पूँजियाँ :			स्टॉक	40,000
जी	3,00,000		लाभ-हानि खाता	50,000
एच	1,00,000	4,00,000		
		6,00,000		6,00,000

भवन से 3,00,000 रु. तथा स्टॉक से 15,000 रु. की वसूली हुई। लेनदारों को उनके खाते के पूर्ण भुगतान के रूप में 1,05,000 रु. दिए गए। विघटन की तिथि को फर्म के पास 10,00,000 रु. की एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी थी जिसका समर्पण 70,000 रु. में किया गया। संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी पर देय वार्षिक प्रीमियम को लाभ-हानि खाते के नाम में लिखा जाता था।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए।

अथवा

अ तथा ब एक फर्म के साझेदार थे तथा समान अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते थे। 28.2.2007 को उन्होंने साझेदारी के विघटन का निर्णय किया। विघटन की तिथि को अ की पूँजी 60,000 रु. तथा ब की पूँजी 45,000 रु. थी। नकद शेष 4,000 रु. था। उस तिथि को लेनदार 20,000 रु. थे तथा सामान्य संचय खाते में 39,000 रु. शेष थे।

विभिन्न सम्पत्तियों से 1,02,000 रु. प्राप्त हुए। विघटन के खर्चे 5,000 रु. थे।

वसूली खाता, रोकड़ खाता तथा साझेदारों के पूँजी खाते तैयार कीजिए।

13. Laxmi Ltd. invited applications for issuing 10,00,000 equity shares of Rs. 100 each at a premium of Rs. 25 per share. The amount was payable as follows :

On Application Rs. 50 (including premium)

On Allotment Rs. 50

On First and Final call — Balance

Applications for 17,50,000 shares were received. Applications for 2,50,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Overpayments received on application were adjusted towards sums due on allotment. Victor, to whom 1,000 shares were allotted, failed to pay allotment and first and final call. His shares were forfeited. The forfeited shares were reissued for Rs. 11,000 fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Laxmi Ltd. 6

OR

Pass necessary journal entries in the books of a company for the following transactions 6

(i) 400 equity shares of Rs. 100 each issued at a discount of 10% were forfeited for the non-payment of final call of Rs. 20 per share. The forfeited shares were re-issued for Rs. 40,000 fully paid up.

(ii) 13,000 equity shares of Rs. 50 each issued at a premium of Rs. 8 per share, were forfeited for the non-payment of allotment money (including premium) of Rs. 23 per share. Application money of Rs. 15 per share had been received on these shares and the first and final call of Rs. 20 per share was not made. The forfeited shares were re-issued at Rs. 55 per share fully paid up.

लक्ष्मी लि. ने 100 रु. प्रत्येक वाले 10,00,000 समता अंशों को 25 रु. प्रति अंश अधिमूल्य पर निर्गमन के लिए आवेदन आमन्त्रित किए। राशि निम्न प्रकार से देय थी :

आवेदन पर 50 रु. (अधिमूल्य सहित)

आबंटन पर 50 रु. प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर - शेष राशि

17,50,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 2,50,000 अंशों के लिए किए गए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन किया गया। आवेदन पर प्राप्त हुए अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन पर देय राशि में कर लिया गया। विक्टर को 1,000 अंशों का आबंटन किया गया था; उसने आबंटन राशि तथा प्रथम एवं अन्तिम याचना राशि का भुगतान नहीं किया। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अंशों को 11,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

लक्ष्मी लि. की पुस्तकों में रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए।

अथवा

एक कम्पनी की पुस्तकों में निम्नलिखित लेनदेनों के लिए रोजनामचे में आवश्यक प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) 10% के बट्टे पर निर्गमित किए गए 100 रु. वाले 400 समता अंशों को 20 रु. प्रति अंश की अन्तिम याचना का भुगतान न करने पर जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए अंशों को 40,000 रु. में पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

(ii) 8 रु. प्रति अंश के अधिमूल्य पर निर्गमित किए गए, 50 रु. वाले 13,000 समता अंशों को 23 रु. प्रति अंश (अधिमूल्य सहित) की आबंटन राशि के भुगतान न करने पर जब्त कर लिया गया। इन अंशों पर आवेदन राशि 15 रु. प्रति अंश प्राप्त हो गई थी तथा 20 रु. प्रति अंश की प्रथम एवं अन्तिम याचना माँगी नहीं गई थी। जब्त किए गए अंशों को 55 रु. प्रति अंश पर पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

14. Following is the Balance Sheet of P, K and B as on 31.3.2006. They shared profits in the ratio of their capitals.

Liabilities		Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Creditors		4,600	Building	23,000
Reserve		5,400	Machinery	13,000
Capitals :			Stock	4,700
P	24,000		Debtors	6,500
K	12,000		Cash	6,400
B	8,000	44,000		
		54,000		54,000

P died on 30.6.2006. Under the terms of partnership the executors of a deceased partner were entitled to :

(i) Amount standing to the credit of the Partner's Capital Account.

(ii) Interest on capital at 12% per annum.

(iii) Share of goodwill of the firm which was valued at Rs. 36,000 on P's death.

(iv) Share of profit from the closing of last financial year to the date of death on the basis of last year's profit. Profit for the year ended 31.3.2006 was Rs. 7,000.

Prepare P's Capital Account to be rendered to his executors. 6

31.3.2006 को पी, के तथा बी का स्थिति विवरण निम्नलिखित था। वे लाभों का विभाजन अपनी पूँजियों के अनुपात में करते थे।

देयताएँ		राशि रु.	सम्पत्तियाँ	राशि रु.
लेनदार		4,600	भवन	23,400
संचय		5,400	मशीनरी	13,000
पूँजियाँ :			स्टॉक	4,700
पी	24,000		देनदार	6,500
के	12,000		रोकड़	6,400
बी	8,000	44,000		
		54,000		54,000

30.6.2006 को पी का देहान्त हो गया। साझेदारी संलेख के अनुसार मृत साझेदार के निष्पादकों को निम्नलिखित देय था :

(i) साझेदार के पूँजी खाते का शेष।

(ii) 12% प्रति वर्ष की दर से पूँजी पर ब्याज।

(iii) फर्म की ख्याति में हिस्सा जिसका मूल्यांकन पी की मृत्यु पर 36,000 रु. किया गया।

(iv) पिछले वित्तीय वर्ष के लाभ के आधार पर मृत्यु की तिथि तक लाभ का हिस्सा। 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष में लाभ 7,000 रु. था।

पी के निष्पादक को प्रस्तुत करने हेतु पी का पूँजी खाता बनाइए।

15. A and B are partners in a firm sharing profits in 2 : 1 ratio. They admitted C for 1/4th share in profits. C was to bring Rs. 30,000 as capital and capitals of A and B were to be adjusted in the profit sharing ratio on the basis of C's capital. The Balance Sheet of A and B as on March 31, 2006 (before C's admission) was as under :

Liabilities		Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Creditors		20,000	Cash	2,000
Bills Payable		19,000	Debtors	50,000
General Reserve		6,000	Stock	10,000
Capitals :			Machinery	25,000
A	50,000		Building	40,000
B	32,000	82,000		
		1,27,000		1,27,000

Other terms of agreement were as under :

(i) C will bring Rs. 12,000 for his share of goodwill.

(ii) Building was valued at Rs. 45,000 and Machinery at Rs. 23,000.

(iii) A provision of bad debts was created @ 6% on debtors.

(iv) Capital Accounts of A and B were adjusted by opening Current Accounts.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and the Balance Sheet of A, B and C. 8

OR

P, Q and R were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. On 31.3.2006 Q retired from the firm. On the date of Q's retirement the Balance Sheet of the firm was as follows :

Balance Sheet of P, Q and R as on 31.3.2006

Liabilities		Amount Rs.	Assets		Amount Rs.
Creditors		27,000	Bank		27,600
Bills Payable		12,000	Debtors	6,000	
Outstanding Rent		2,200	Less Provision for doubtful debts	400	5,600
Provision for legal claims		6,000	Stock		9,000
Capitals :			Furniture		4,100
P	46,000		Premises		96,900
Q	30,000				
R	20,000	96,000			
		1,43,200			1,43,200

On Q's retirement it was agreed that :

(i) Premises will be appreciated by 2% and furniture will be appreciated by Rs. 1,700. Stock will be depreciated by 10%.

(ii) 5% provision for doubtful debts was to be made on debtors and Rs. 7,200 for legal damages.

(iii) Goodwill of the firm was valued at Rs. 24,000.

(iv) Rs. 20,000 from Q's Capital Account will be transferred to his loan account and the balance will be paid to him by cheque.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Accounts and Balance Sheet of P and R after Q's retirement. 8

अ तथा ब एक फर्म में साझेदार हैं तथा 2 : 1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते हैं। उन्होंने लाभ के 1/4 भाग के लिए स को फर्म में प्रवेश दिया। स को पूँजी के लिए 30,000 रु. लाने थे तथा स की पूँजी के आधार पर लाभ विभाजन अनुपात में अ तथा ब की पूँजी को समायोजित करना था। 31.3.2006 को (स के प्रवेश से पूर्व) अ तथा ब का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

देयताएँ		राशि रु.	सम्पत्तियाँ	राशि रु.
लेनदार		20,000	रोकड़	2,000
देय बिल		19,000	देनदार	50,000
सामान्य संचय		6,000	स्टॉक	10,000
पूँजियाँ :			मशीनरी	25,000
अ	50,000		भवन	40,000
ब	32,000	82,000		
		1,27,000		1,27,000

समझौते की अन्य शर्तें निम्न प्रकार से थीं :

(i) स ख्याति के अपने हिस्से के लिए 12,000 रु. लाएगा।

(ii) भवन का मूल्यांकन 45,000 रु. तथा मशीनरी का 23,000 रु. किया गया।

(iii) देनदारों पर 6% की दर से डूबत ऋणों के लिए प्रावधान किया जाएगा।

(iv) अ तथा ब के पूँजी खातों को चालू खाते खोल कर समायोजित किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा अ, ब एवं स का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

अथवा

पी, क्यू तथा आर एक फर्म में साझेदार थे तथा 3:2:1 के अनुपात में लाभों का विभाजन करते थे। 31.3.2006 को क्यू ने फर्म से अवकाश ग्रहण किया। क्यू के अवकाश ग्रहण करने की तिथि को फर्म का स्थिति विवरण निम्नलिखित था :

पी, क्यू तथा आर का स्थिति विवरण 31.3.2006 को

देयताएँ		राशि रु.	सम्पत्तियाँ		राशि रु.
लेनदार		27,000	बैंक		27,600
देय बिल		12,000	देनदार	6,000	
अदत्त वेतन		2,200	घटा संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	400	5,600
कानूनी दावों के लिए प्रावधान		6,000	स्टॉक		9,000
पूँजियाँ :			फर्नीचर		4,100
पी	46,000		परिसर		96,900
क्यू	30,000				
आर	20,000	96,000			
		1,43,200			1,43,200

क्यू के अवकाश ग्रहण करने पर यह समझौता हुआ कि :

(i) परिसर के मूल्य में 2% से वृद्धि की जाएगी तथा फर्नीचर के मूल्य में 1,700 रु. से वृद्धि की जाएगी। स्टॉक का 10% मूल्यह्रास किया जाएगा।

(ii) देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा तथा कानूनी दावों के लिए 7,200 रु. का प्रावधान किया जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 24,000 रु. किया गया।

(iv) क्यू के पूँजी खाते से 20,000 रु. क्यू के ऋण खाते में स्थानान्तरित किए जाएँगे तथा उसे शेष राशि का भुगतान चैक द्वारा किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा क्यू के अवकाश ग्रहण करने पर पी तथा आर का स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

PART B
(Analysis of Financial Statements)
भाग ख
(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

16. State any two objectives of preparing a 'Cash Flow Statement'. 2
'रोकड़ प्रवाह विवरण' बनाने के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

17. X Ltd. is a Mutual Fund Company. The. company invested Rs. 50 lakhs in the shares of Y Ltd. State with reason whether the dividend received on the shares of Y Ltd. will be cash flow from operating activities or from investing activities. 2
अ लि. दुपहिए वाहनों का खुदरा व्यापारी है। इस कम्पनी ने एक विनिर्माण कम्पनी के अंशों में 50,00,000 रु. का निवेश किया। कारण सहित बताइए की इन अंशों (निवेश) पर प्राप्त लाभांश संचालन क्रियाकलापों से प्राप्त रोकड़ प्रवाह होगा तथा निवेशी क्रियाकलापों से प्राप्त रोकड़ प्रवाह।

18. The Balance Sheets of Blue Bell Ltd. as on March 31, 2005 and 2006 are given below

Blue Bell Ltd.
Balance Sheets as on March 31, 2005 and 2006

Particulars	2005 Amount Rs.	2006 Amount Rs.
Share Capital	4,26,000	3,44,000
Long-term loans	6,96,000	4,38,000
Current Liabilities	2,98,000	78,000
	14,20,000	8,60,000
Fixed Assets	5,68,000	4,30,000
Investments	6,000	4,000
Current Assets	8,46,000	4,26,000
	14,20,000	8,60,000

Prepare Comparative Balance Sheets showing percentage changes from 2005 to 2006. 3

ब्लू बैल लि. का 31 मार्च, 2005 तथा 2006 का स्थिति विवरण नीचे दिया गया है :

ब्लू बैल लि.
31 मार्च, 2005 तथा 2006 का स्थिति विवरण

विवरण	2005 राशि रु.	2006 राशि रु.
अंश पूँजी	4,26,000	3,44,000
दीर्घकालीन ऋण	6,96,000	4,38,000
चालू देयताएँ	2,98,000	78,000
	14,20,000	8,60,000
स्थायी सम्पत्तियाँ	5,68,000	4,30,000
विनियोग	6,000	4,000
चालू सम्पत्तियाँ	8,46,000	4,26,000
	14,20,000	8,60,000

वर्ष 2005 से 2006 में हुए प्रतिशत परिवर्तनों को दर्शाते हुए तुलनात्मक स्थिति विवरण तैयार कीजिए।

19. Briefly explain the interest of investors and management in the analysis of financial statements. 3

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण में निवेशकों तथा प्रबन्धकों के हितों को संक्षेप में समझाइए।

20. Calculate any ***two*** of the following ratios on the basis of information given below : 3

(i) Liquid Ratio

(ii) Proprietary Ratio

(iii) Operating Ratio

Information :

Sales Rs. 3,40,000; Cost of Goods sold Rs. 1,20,000; Selling expenses Rs. 80,000; Administrative expenses Rs. 40,000; Current Assets Rs. 1,50,000; Current Liabilities Rs. 1,05,000; Closing Stock Rs. 10,000; Fixed Assets Rs. 2,80,000; Equity Share Capital Rs. 2,75,000 and General Reserve Rs. 2,00,000.

निम्नलिखित सूचना के आधार पर निम्न में से किन्हीं दो अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) तरलता अनुपात

(ii) स्वामित्व अनुपात

(iii) संचालन अनुपात

सूचना :

विक्रय 3,40,000 रु.; बेचे गए माल की लागत 1,20,000 रु.; विक्रय खर्चे 80,000 रु.; प्रशासनिक व्यय 40,000 रु.; चालू सम्पत्तियाँ 1,50,000 रु.; चालू देयताएँ 1,05,000 रु.; अन्तिम स्टॉक 10,000 रु.; स्थायी सम्पत्तियाँ 2,80,000 रु.; समता अंश पूँजी 2,75,000 रु. तथा सामान्य संचय 2,00,000 रु.

21. XY Ltd. had a profit of Rs. 15,00,000 for the year ended 31.3.2006 after considering the following :

Depreciation on building	Rs. 45,000
Depreciation on machinery	Rs. 22,000
Goodwill written off	Rs. 17,000
Loss on sale of machinery	Rs. 5,000.

Following was the position of Current Assets and Current Liabilities of the company in the beginning and at the end of the year :

Particulars	1.4.2005 Rs.	31.3.2006 Rs.
Debtors	30,000	45,000
Stock	1,00,000	78,000
Cash	33,000	47,000
Creditors	57,000	63,000
Outstanding Expenses	10,000	7,000
Bills Payable	9,000	14,000

Calculate Cash Flow from Operating Activities. 6

OR

With the help of the Balance Sheets and Profit and Loss Account of AB Ltd. calculate Cash Flows from Operating Activities. 6

Balance Sheets of AB Ltd. as on 31.3.2005 and 31.3.2006

Liabilities	2005 Rs.	2006 Rs.	Assets	2005 Rs.	2006 Rs.
Share Capital	2,20,000	2,93,000	Plant	3,20,000	3,30,000
Reserves	60,000	96,000	Accumulated Depreciation	(30,000)	(38,000)
Loan	1,00,000	80,000	Patents	—	58,000
Proposed Dividend	20,000	25,000	Stock	1,00,000	1,20,000
Creditors	80,000	65,000	Debtors	70,000	67,000
			Cash	20,000	22,000
	4,80,000	5,59,000		4,80,000	5,59,000

Income Statement of AB Ltd. for the year ended 31.3.2006

Dr. Cr.

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
Depreciation	8,000	Sales	3,90,000
Salary	55,000		
Rent	79,000		
Commission	27,000		
Other Expenses	1,60,000		
Net Profit	61,000		
	3,90,000		3,90,000
Proposed Dividend	25,000		
Profit Retained	36,000	Net Profit	61,000
	61,000		61,000

निम्नलिखित का समायोजन करने के पश्चात् 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष में एक्स वाई लि. का लाभ 15,00,000 रु. था :

भवन का मूल्यहास	45,000 रु.
मशीनरी पर मूल्यह्रास	22,000 रु.
अपलिखित की गई ख्याति	17,000 रु.
मशीनरी की बिक्री पर हानि	5,000 रु.

वर्ष के आरम्भ तथा अन्त में कम्पनी की चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की स्थिति निम्न प्रकार थी :

विवरण	1.4.2005 रु.	31.3.2006 रु.
स्टॉक	65,000	69,000
देनदार	40,000	25,000
रोकड़	47,000	74,000
लेनदार	94,000	1,03,000
अदत्त व्यय	5,000	3,000
देय बिल	49,000	58,000

संचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए।

अथवा

अ ब लि. के निम्नलिखित स्थिति विवरणों तथा लाभ-हानि खाते की सहायता से संचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

अ ब लि. का स्थिति विवरण 31.3.2005 तथा 31.3.2006 को

देयताएँ	2005 रु.	2006 रु.	सम्पत्तियाँ	2005 रु.	2006 रु.
अंश पूँजी	2,20,000	2,93,000	संयंत्र	3,20,000	3,30,000
संचय	60,000	96,000	एकत्रित मूल्यह्रास	(30,000)	(38,000)
ऋण	1,00,000	80,000	पेटेन्ट्स	—	58,000
प्रस्तावित लाभांश	20,000	25,000	स्टॉक	1,00,000	1,20,000
लेनदार	80,000	65,000	देनदार	70,000	67,000
			रोकड़	20,000	22,000
	4,80,000	5,59,000		4,80,000	5,59,000

अ ब लि. का आय विवरण 31.3.2006 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

Dr. Cr.

विवरण	राशि रु.	विवरण	राशि रु.
मूल्यह्रास	8,000	विक्रय	3,90,000
वेतन	55,000		
किराया	79,000		
कमीशन	27,000		
अन्य व्यय	1,60,000		
शुद्ध लाभ	61,000		
	3,90,000		3,90,000
प्रस्तावित लाभांश	25,000		
प्रतिधारित लाभ	36,000	शुद्ध लाभ	61,000
	61,000		61,000

PART C
(Computerised Accounting)
भाग ग
(अभिकलित्र लेखांकन)

16. What is a Foreign Key ? 2
बाह्य कुंजी (फॉरिन की) क्या है ?

17. What is meant by hierarchy of accounts ? 2
खातों की सोपानिकी का क्या तात्पर्य है ?

18. With the help of a suitable example explain the concept of DCL. 3
एक उपयुक्त उदाहरण की सहायता से डी.सी.एल. अवधारणा को समझाइए।

19. What is normalisation ? 3
सामान्यीकरण क्या है ?

20. What is Hierarchical Coding ? 3
सोपानिक संकेतीकरण क्या है ?

21. (a) Design a Bank voucher with the following information of M/s Vinay Ltd. : 3

Date	V. No.	Code	Account	Amount (Rs.)
31/01/07	2	601001	Equity Share Capital	2,00,000
31/01/07	2	611001	Premium on Issue	50,000
31/01/07	2	110001	Bank	20,50,000

Prepared by Rakesh Authorised by Sanjay

(b) M/s Vinay Ltd. employs 30 persons whose Salary comprises Basic Pay, Dearness Allowance, House Rent Allowance and City Compensatory Allowance. The following are the rules governing the payment :

Write the queries in SQL using the following data in MS-Access to compute the allowances :

House Rent Allowance : Rs. 1,500 up to a Basic Pay of Rs. 10,000; Rs. 3,500 up to Basic Pay of Rs. 20,000; Rs. 6,000 for Basic Pay above Rs. 20,000.

City Compensatory Allowance : @ 10% of Basic Pay subject to a minimum of Rs. 1,000. 3+1=4

(अ) मैसर्स विनय लि. की निम्नलिखित सूचना के आधार पर बैंक वाउचर तैयार कीजिए :

दिनांक	वाउचर संख्या	कोड	खाता	राशि (रु.)
31/01/07	2	601001	विनियोग वसूली	2,00,000
31/01/07	2	611001	विनियोगों पर ब्याज	50,000
31/01/07	2	110001	बैंक	20,50,000

तैयारकर्ता - राकेश संजय द्वारा अधिकृत

(ब) मैसर्स विनय लि. 30 व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं, जिनके वेतन में मूल वेतन, महँगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता सम्मिलित हैं। भुगतान के निम्नलिखित नियम हैं :

भत्तों की गणना करने के लिए निम्नलिखित डाटा का एम.एस.-एक्सेस में उपयोग करते हुए एस.क्यू.एल. में प्रश्न लिखिए :

मकान किराा भत्ता : 10,000 रु. मूल वेतन तक 1,500 रु.; 20,000 रु. मूल वेतन तक 3,500 रु.; 20,000 रु. मूल वेतन से अधिक पर 6,000 रु.।

शहरी क्षतिपूर्ति भत्ता : मूल वेतन का 10% की दर से लेकिन न्यूनतम 1,000 रु.।